आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– पिछले 10 वर्षों में मज़बूत हुई सेना– कांग्रेस नहीं कर पाई आधुनिक हथियारों की खरीद।
- कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नाहन और ऊना में की चुनावी रैलियां– भाजपा पर लगाया युवा विरोधी होने का आरोप।
- स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रदेश के 10 ज़िलों में निकाली गई साइकिल रैलियां– लोगों को मतदान के प्रति किया गया जागरूक।
- ऊना में 44 डिग्री से ऊपर पहुंचा पारा– अगले दो दिन तक बंद रहेंगे ज़िले में प्राइमरी स्तर तक के सभी स्कूल।

.........

अनुराग ठाकुर

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में राजनीतिक दलों के नेताओं व उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान में तेजी ला दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना में तूफानी प्रचार के तहत कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की सेना को मज़बूत करने का काम किया है लेकिन कांग्रेस सेना के लिए कभी भी आधुनिक हथियारों की खरीद नहीं कर पाई। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज देशभर के सभी भ्रष्टाचारियों को एक मंच पर लाकर जनता को ठगने का प्रयास किया है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के तहत पहले 6 चरणों में देश की जनता ने दिल खोलकर नरेन्द्र मोदी का साथ दिया है। अनुराग सिंह ठाकुर के अनुसार पहले 6 चरणों के बाद भाजपा साढ़े तीन सौ सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है और सातवें चरण में ये आंकड़ा 4 सौ के पार पहुंच जाएगा।

राहुल गांधी

दूसरी ओर, कांग्रेस पार्टी ने भी चुनाव को लेकर अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज ऊना और नाहन में चुनावी जनसभाएं की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सत्ता में आने पर हर गरीब महिला के खाते में एक वर्ष में एक लाख रूपए की राशि डाली जाएगी। इसके अलावा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित युवाओं को सरकारी क्षेत्र में 30 लाख नौकरियां देने का प्रावधान किया जाएगा।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्ष में 22 लोगों के 16 लाख करोड़ रुपये के ऋण माफ कर दिए, लेकिन पिछले साल हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुई आपदा से निपटने के लिए 9 हज़ार करोड़ रुपये नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो करोड़ युवाओं को रोज़गार देने का वायदा किया था जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि केन्द्र में सत्ता में रहते हुए भाजपा सरकार ने अग्निवीर योजना को लाकर लाखों युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला है। चुनावी जनसभा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

प्रतिक्रिया

इस बीच, वरिष्ठ भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ऊना में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रैली को फ्लॉप करार दिया है। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा दी गई गारंटियों को भी झूठ का पुलिंदा बताया और कहा कि जैसे सुखविन्दर सिंह सुक्खू की गारंटियां पूरी नहीं हुई उसी तरह राहुल गांधी की गारंटियों का भी सच्चाई से दूर–दूर तक कोई लेना–देना नहीं है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार सिर्फ विकास विरोधी काम कर रही है। चम्बा ज़िले के भरमौर में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सभी विकास कार्य रोक दिए हैं और प्रदेश की जनता ने भी अब कांग्रेस को शून्य पर रोकने का मन बना लिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार ने भरमौर के लिए एक दिन में 22 संस्थान दिए थे लेकिन कांग्रेस ने इन्हें बंद कर दिया है। इस दौरान मण्डी संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत सहित अन्य नेता भी मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वे मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं जबकि भाजपा मुद्दों से भाग रही है। सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आज चुनावी सभाओं में उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने ओ.पी.एस. लागू कर एक नया इतिहास रचा है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सरकाघाट क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुए हैं वे सब पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की देन हैं। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश उनका घर है और उन्होंने कभी भी क्षेत्रवाद की राजनीति नहीं की है।

धीरेन्द्र प्रताप

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पर्यवेक्षक व उत्तराखण्ड के पूर्व मंत्री धीरेन्द्र प्रताप ने दावा किया है कि प्रदेश में कांग्रेस की लहर चल रही है और पार्टी चारों संसदीय सीटों पर जीत दर्ज करेगी। धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने पिछले डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश को एकबार फिर विकास के पथ पर लाकर खड़ा किया है।

जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग निरंतर प्रयास कर रहा है। इस उद्देश्य से आयोग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के 10 जिलों में आज साईकिल जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। शिमला में ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अनुपम कश्यप ने साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने भी साइकिल चला कर रैली में भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में आज निकाली गई रैलियों में करीब 2 हज़ार प्रतिभागियों ने भाग लिया है जो सराहनीय है। मनीष गर्ग ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में राज्य में 76 प्रतिशत मतदान हुआ था और इस बार इस आंकड़े से भी आगे जाने का लक्ष्य है। उन्होंने ''द डैमोक्रैसी वैन'' को भी हरी झण्डी दिखाई जो लोगों को स्वेच्छा से मतदान के लिए जागरूक करेगी।

प्रदेश–रैली

प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत साईकिल रैलियां निकाली गई। इसी कड़ी में धर्मशाला उपमण्डल में भी रैली का आयोजन किया गया जिसे ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने रवाना किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। सोलन में जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में देश को मजबूत बनाने के लिए सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। चंबा में साईकिल रैली को स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने रवाना किया। रैली के प्रतिभागियों व विजेताओं को उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने सम्मानित किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत मंडी शहर में भी साईकिल रैली का आयोजन किया गया। कुल्लू में भी साइकिल रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। राज्य के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर बना हुआ है। ऊना का अधिकतम तापमान आज 44 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऊना प्रशासन ने आगामी दो दिनों के लिए ज़िले के सभी सरकारी और निजी प्री–प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया है। आज जारी आदेशों के मुताबिक जिन स्कूलों में इन दो दिनों में परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां ये परीक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक आयोजित करने को कहा गया है। राज्य के कई अन्य इलाकों में भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम के साफ बने रहने की संभावना जताई है।

उधर, पर्यटन नगरी मनाली में नेहरू कुंड के समीप ब्यास नदी में पैर फिसलने के कारण आज दो सैलानी बह गए। पुलिस टीम ने इस घटना में एक युवती के शव को बरामद किया है जबकि दूसरे युवक की तलाश की जा रही है।

.........